दिनांक 30.01.2019

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम , भिलाई के आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी की उपस्थिति में आज मुख्य कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा का पूजा अर्चना के बाद 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये गये। गांधी जी के किये गये कार्यों पर अधिकारी , कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने सूविचार प्रकट किये गये और गांधी जी के बताये गये मार्गों पर चलने के लिए प्रेरित किया गया , प्रतिदिन की भांति राष्ट्रगान किया गया। सभी जोन कार्यालय एवं 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट में भी गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित किये साथ ही राष्ट्रगान भी किया गया।

मुख्य कार्यालय में उपायुक्त अशोक द्विवेदी , राजस्व अधिकारी एच0के0 चन्द्राकर, अकाउन्ट अधिकारी जितेन्द्र ठाकुर सहित जोन कार्यालय में जोन अध्यक्ष , जोन आयुक्त , 77 एमएलडी में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

संलग्न-फोटो

जनसम्पर्क अधिकारी

भिलाईनगर/दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक कौशल प्रशिक्षण एवं नियुक्तियों के माध्यम से रोजगार के अंतर्गत प्रियदर्शनी नगर पूर्व वार्ड 04 में स्थित प्रशिक्षण प्रदाता संस्था व्ही.टी.पी. एडवांस हाईटेक इंस्टिट्यूट में संचालित कोर्स कम्प्यूटर हार्डवेयर असिस्टेंट में विशेष बैच के अंतर्गत दिव्यांग हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

संचालित प्रशिक्षण में नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस 0के0 सुंदरानी द्वारा दिव्यांग प्रशिक्षणार्थियों को शासन की योजना के अंतर्गत निःशुल्क गणवेश वितरण किया गया तथा प्रशिक्षणार्थियों से चर्चाकर उनको शासन के अन्य योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाले सुविधाओं से अवगत कराया गया।

निगम आयुक्त द्वारा विकलांगों को दी जा रही पेंशन की जानकारी प्राप्त की जिसमें कुछ विकलांगों द्वारा बताया गया कि दो महिने से उन्हे पेंशन की राशि प्राप्त नहीं हुई है। जिसपर आयुक्त ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के प्रभारी वासुदेव बैनर्जी से चर्चाकर जल्द पेंशन दिलाने निर्देश दिये गये जिससे उनके जीवनयापन में कोई परेशानी न हो की बात कही गई।